जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न पुस्तिका को नहीं खोलें।

# प्रश्न पुस्तिका

**VA - A**

**3305041**

पुस्तिका सं. ______

समय : दो घण्टे — अनुदेश — पूर्णांक : 75

01. दायीं ओर बने कोष्ठक में अपना रोल नम्बर लिखे।
02. केवल काले या नीले रंग की स्याही वाले बॉल पेन का ही उपयोग करें।
03. परीक्षा प्रारम्भ होते ही आप इस प्रश्न पुस्तिका की जाँच अवश्य कर ले तथा यदि इसमें कोई बिना छपा, कटा–फटा, या आंशिक छपा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न हो तो इसे अभिजागर के माध्यम से सही प्रश्न पुस्तिका से बदल लीजिए।
04. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 120 प्रश्न हैं, जो तीन भागो 'अ', 'ब' एवं 'स' में है। भाग 'अ' एव 'ब' में 30–30 प्रश्न तथा भाग 'स' में 60 प्रश्न है।
05. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमे प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये है आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सहीं है तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सहीं लगें।
06. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये उत्तर–पत्रक पर ही अंकित करने है।
07. उत्तर पत्रक को भरने हेतु निर्देश उत्तर पत्रक के पृष्ठ भाग पर अंकित है, जिन्हें उत्तर पत्रक को भरने से पूर्व ध्यान से पढ लें।
08. इस प्रश्न पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
09. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते है।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात आप उत्तर पत्रक की ORIGINAL COPY की अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़े।
11. परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक की CANDIDATE'S COPY को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. **प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :–**
    (i) भाग 'अ' का प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। इस भाग के प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक प्राप्त होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/4 अंक काटा जायेगा।
    (ii) भाग 'ब' एवं 'स' का प्रत्येक प्रश्न ½ अंक का है। इन दोनों भागों के प्रत्येक सही उत्तर पर ½ अंक प्राप्त होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/8 अंक काटा जायेगा।
    (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नही काटा जायेगा।
    (iv) यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, उसे गलत मानते हुए उपरोक्तानुसार अंक काटा जायेगा।

**चेतावनी** – अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकडा जाता है या उसके पास से कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस अभ्यर्थी के विरूद्व एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न पुस्तिका सीलबंद है।**


2018-7-15 19:06

1. यदि × का अर्थ −, + का अर्थ ÷, − का अर्थ × और ÷ का अर्थ + है तो 12−3÷50+10 ×30 का मान क्या होगा?

A. 15　　B. 18

C. 11　　D. 16

2. निम्नलिखित जानकारी वर्ष 2016 में बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए तैयार फिल्मों की संख्या दर्शाती है।




यदि 2016 में प्रदर्शित कुल फिल्मों की संख्या 200 थी तो बॉक्स ऑफिस पर जनवरी में कितनी फिल्में प्रदर्शित हुईं?

A. 20　　B. 40

C. 60　　D. 80

3. निम्नलिखित जानकारी वर्ष 2016 में बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए तैयार फिल्मों की संख्या दर्शाती है।




यदि 2016 में प्रदर्शित कुल फिल्मों की संख्या 200 थी तो नवंबर 2016 में कितनी फिल्में प्रदर्शित हुईं?

A. 2　　B. 15

C. 20　　D. 25

4. z का मान ज्ञात करें।

1: $z2 - 2z + 1 = 0$

2: z एक वास्तविक संख्या है।

A. केवल (1) पर्याप्त है।

B. केवल (2) पर्याप्त है।

C. या तो (1) या (2) पर्याप्त है।

D. (1) और (2) दोनों आवश्यक हैं।

5. संदीप की आयु ज्ञात करें, यदिः

1: संदीप राज से दो वर्ष बड़ा है।

2: राज प्रणव से 3 वर्ष छोटा है।

A. केवल (1) पर्याप्त है।


B. केवल (2) पर्याप्त है।

C. या तो (1) या (2) पर्याप्त है।


D. न तो (1) और न ही (2) पर्याप्त है।

6. दिये गए सादृश्य के लिए अगली आकृति का चयन करेंः

प्रश्न आकृतियाँः




उत्तर आकृतियाँः





A. A　　B. B


C. C　　D. D

7. दिये गए सादृश्य के लिए अगली आकृति का चयन करें:

प्रश्न आकृतियाँ:



उत्तर आकृतियाँ:



A. A B. B
C. C D. D

8. असंगत आकृति की पहचान करें:

| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| E | I | O | X |

A. A B. B
C. C D. D

9. असंगत आकृति की पहचान करें:

| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| 2/B | 6/F | 13/M | 19/O |

A. A B. B
C. C D. D

10. निम्नांकित में से असंगत की पहचान करें:

| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| ()() | \|\|\|\| | )()() | )() |


A. A B. B
C. C D. D

11. निम्नांकित में से असंगत की पहचान करें:


| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| C Ↄ | D ᗡ | L ⅃ | T ⊥ |

A. A B. B
C. C D. D

12. निम्नलिखित शब्दों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त वेन आरेख का चयन करें:
भारत, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक

A. 
B. 
C. 
D. 

13. निम्नांकित आकृति में समानांतर चतुर्भुजों की संख्या ज्ञात करें:



A. 20 B. 26
C. 28 D. 30

14. रामबाबू सुबह पूर्व की ओर टहल रहे हैं। 4 किलोमीटर चलने के बाद वह दाएं मुड़ कर 3 किलोमीटर चलते हैं। उस बिंदु से वे अपने आरंभिक बिंदु की दिशा की ओर चलते हैं। तो, अभी वे किस दिशा में चल रहे हैं और उन्हें आरंभिक बिंदु तक पहुँचने के लिए कितनी दूरी तय करनी होगी?

A. उत्तर–पूर्व, 5 किलोमीटर
B. दक्षिण–पूर्व, 5 किलोमीटर
C. उत्तर–पश्चिम, 5 किलोमीटर
D. दक्षिण–पश्चिम, 5 किलोमीटर

2018-7-15 19:06

2018-7-15 19:06

15. निम्नांकित आकृति का दर्पण प्रतिबिंब ज्ञात करें:




A. A  B. B
C. C  D. D

16. निम्नलिखित में से उस व्यक्ति का चयन करें जो अन्य विकल्पों से भिन्न है?

A. लालू प्रसाद यादव
B. अटल बिहारी वाजपेयी
C. सत्येंद्र नाथ बोस
D. ममता बनर्जी

17. यदि किसी कूट भाषा में DISPUR को DISRUP लिखा जाता है तो इसी कूट भाषा में SHIMLA को क्या लिखा जाएगा?

A. SHIALM  B. SHKBLM
C. MAORUP  D. KLMOST

18. माधवी राहुल की बहन है। माधवी की नानी की एकमात्र बेटी राहुल से किस प्रकार संबंधित है?

A. माँ  B. बहन
C. नानी  D. मौसेरी बहन

19. दिये गए कथनों को सही मानते हुए यह निर्धारित करें कि इनके आधार पर दोनों निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है?

कथन:
कुछ टमाटर मक्का हैं। कुछ आलू मक्का हैं।
निष्कर्ष:
1: कुछ मक्का आलू हैं।
2: कुछ मक्का टमाटर हैं।

A. केवल निष्कर्ष (1) अनुसरण करता है।
B. केवल निष्कर्ष (2) अनुसरण करता है।
C. या तो (1) या (2) अनुसरण करता है।
D. (1) और (2) दोनों ही अनुसरण करते हैं।

20. कथन को पढ़ें और दी गई जानकारी से तर्कसंगत सही निष्कर्ष की पहचान करें।

कथन:
इस कप में औषधीय स्वास्थ्यवर्धक पेय है।
निष्कर्ष:
1: स्वास्थ्यवर्धक पेय कड़वा है।
2: स्वास्थ्यवर्धक पेय से खाँसी ठीक हो जाती है।

A. केवल निष्कर्ष (1) अनुसरण करता है।
B. केवल निष्कर्ष (2) अनुसरण करता है।
C. या तो (1) या (2) अनुसरण करता है।
D. न तो (1) और न ही (2) अनुसरण करता है।

21. कथन को पढ़ें और दी गई जानकारी से सही तर्क की पहचान करें।

कथन:
सरकार को गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को राशन देना चाहिए।
तर्क:
1: हाँ, यह गरीबों को न्यूनतम जीवन समर्थन प्रदान करता है।
2: नहीं, भ्रष्टाचारी लोगों द्वारा अनुदान (सब्सिडी) का दुरुपयोग होता है, सरकार को गरीबों की मदद हेतु वैकल्पिक उपायों के बारे में सोचना चाहिए।

A. केवल तर्क (1) सशक्त है।
B. केवल तर्क (2) सशक्त है।
C. न तो (1) और न ही (2) सशक्त है।
D. (1) और (2) दोनों ही सशक्त हैं।

22. कथन को पढ़ें और दी गई जानकारी से सही पूर्वधारणा की पहचान करें।

कथनः
शराब छोड़ने वाले अधिकांश लोग मोटे हो जाते हैं।

पूर्वधारणाः
1: यदि कोई शराब छोड़ दे तो वह मोटा हो जाएगा।
2: यदि कोई शराब नहीं छोड़ता है तो वह मोटा नहीं होगा।

A. केवल (1) अंतर्निहित है।
B. केवल (2) अंतर्निहित है।
C. (1) और (2) दोनों अंतर्निहित हैं।
D. या तो (1) या (2) अंतर्निहित है।

23. शृंखला में अनुपस्थित अक्षर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
F, I, M, R, ?, E

A. T　　B. Z
C. X　　D. R

24. शृंखला में अनुपस्थित अक्षरांकीय युग्म के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
5A, 10B, 15D, 20G, ?

A. 25V　　B. 25K
C. 26B　　D. 27X


25. शृंखला 3, 9, 27, 81 ... में नौवां पद क्या होगा?

A. 6561　　B. 19661
C. 19683　　D. 2062

26. यदि + का अर्थ ÷ , ÷ का अर्थ −, − का अर्थ ×, × का अर्थ + है तो 16 + 8 ÷ 3 − 5 × 19 का मान क्या होगा?

A. 6　　B. 8
C. 10　　D. 12


27. निम्नलिखित जानकारी वर्ष 2016 में बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए तैयार




फिल्मों की संख्या दर्शाती है।
यदि 2016 में प्रदर्शित कुल फिल्मों की संख्या 200 थी तो 2016 में फरवरी से अप्रैल तक कितनी फिल्में प्रदर्शित हुई?

A. 20　　B. 50
C. 100　　D. 200

28. निम्नलिखित जानकारी वर्ष 2016 में बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए तैयार




फिल्मों की संख्या दर्शाती है।
यदि 2016 में प्रदर्शित कुल फिल्मों की संख्या 200 थी तो अप्रैल 2016 में कितनी फिल्में प्रदर्शित हुई?

A. 15　　B. 30
C. 35　　D. 60

29. संजय की आयु ज्ञात करें, यदिः
1: संजय की आयु अपने पुत्र राकेश से 20 वर्ष अधिक है।
2: राकेश अपनी बहन रितिका से एक वर्ष बड़ा है जो एक वर्ष की है।

A. केवल (1) पर्याप्त है।
B. केवल (2) पर्याप्त है।
C. (1) और (2) दोनों आवश्यक हैं।
D. इनमें से कोई नहीं।

30. n का मान ज्ञात करें
दिया है:
1: P = 2n+1
2: n = 5 + 3r, r = 2
A. केवल (1) पर्याप्त है।
B. केवल (2) पर्याप्त है।
C. (1) और (2) दोनों आवश्यक हैं।
D. इनमें से कोई नहीं।

31. कृत्रिम रेशम बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस कृत्रिम रेशे का उपयोग किया जाता है?
A. ओरलोन B. पी.वी.सी.
C. रेयान D. ऐक्रेलिक

32. किसी तत्व की परमाणु संख्या किससे संदर्भित की जाती है?
A. प्रोटॉन की संख्या
B. न्यूट्रॉन की संख्या
C. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या
D. एक अणु में परमाणुओं की संख्या

33. $CaCO_3$ की अभिक्रिया सल्फ्यूरिक अम्ल से कराने पर निम्नलिखित में से कौन सी गैस निकलती है?
A. $H_2S$ B. $SO_2$
C. $CO_2$ D. $NO_2$

34. पौधे की बीमारी 'साइट्रस कैकर' किसके कारण होती है?
A. वाइरस B. कवक
C. अमीबा D. जीवाणु

35. किसी कोशिका का कौन सा कोशिकांग अपशिष्ट निपटान में मदद करता है?
A. लाइसोसोम
B. माइटोकॉन्ड्रिया
C. अंतः प्रद्रव्यी जालिका
D. गॉल्जी कॉम्प्लेक्स

36. निम्नलिखित में से कौन सी मानव शरीर में एक अंतःस्रावी ग्रंथि नहीं है?
A. पीयूष ग्रंथि
B. लार ग्रंथि
C. थाइरॉयड ग्रंथि
D. अधिवृक्क ग्रंथि

37. यदि चार गेंदों ए, बी, सी और डी के कुछ द्रव्यमान समान हों और उनके आयतन का क्रम ए, बी, सी, डी हो तो इनमें से उच्चतम और न्यूनतम घनत्व वाली गेंदें कौन सी होंगी?
A. डी और ए
B. बी और सी
C. ए और बी
D. सभी का घनत्व समान होगा

38. किसी पदार्थ के 1 ग्राम का तापमान 1°C बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा को क्या कहा जाता है?
A. जलयोजन (हाइड्रेशन) ऊष्मीय धारिता
B. बाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा
C. विशिष्ट ऊष्मा
D. द्रवीकरण की गुप्त ऊष्मा

39. निम्नलिखित में से कौन सी इकाई चुंबकीय फलक्स को मापने के लिए प्रयोग की जाती है?
A. ओम B. वेबर
C. एम्पीयर D. वोल्ट

40. किसी वस्तु में उसकी गति के कारण उपस्थित ऊर्जा को क्या कहते हैं?
A. चुंबकीय ऊर्जा
B. भूतापीय ऊर्जा
C. गतिज ऊर्जा
D. स्थितिज ऊर्जा

41. पौधे, जो कड़ी सर्दी में भी जीवित रहते हैं तथा उन्हें प्रति वर्ष दुबारा लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है, उन को क्या कहते हैं ?
A. बारहमासी पौधा
B. मासिक पौधा
C. दो वर्षीय पौधा
D. छमाही पौधा

42. फूलदार पौधे, जो बीज को सुरक्षित रखने हेतु फल विकसित करते हैं, उन को क्या कहते हैं?
A. जिम्नोस्पर्म
B. एंजियोस्पर्म
C. जीनोस्पर्म
D. एग्रोस्पर्म

43. रसायनशास्त्र में, उस मिश्रण को क्या कहते हैं जो समरूप हो तथा जिसके अवयवों को आसानी से पहचाना नहीं जा सकता है ?
A. शुद्ध वस्तु B. यौगिक
C. समरूप D. भिन्न

44. चट्टानों से बने बौद्ध बगीचे तथा अजंता गुफाओं के चौत्य, ______ शासकों के संरक्षण के तहत निर्मित किये गए थे।
A. चोला B. सतवाहन
C. गुप्त D. वकटका

45. किस वर्ष, श्रीमती मार्गरेट थैचर, ब्रिटेन की सर्वप्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी थीं?
A. 1979 B. 1978
C. 1977 D. 1976

46. भारत के किस शहर को पीला शहर के नाम से जाना जाता है जो कि विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक है?
A. कारैकुड़ी B. ईरोड़
C. मदुरै D. तंजाऊर

47. पृथ्वी की सतह पर बर्फ और हिम, जै... ग्लेशियर, समुद्र, झील, नदी बर्फ, हिम ... पर्माफ्रोस्ट को क्या कहा जाता है?
A. क्रिप्टोस्फियर
B. आइससोस्फियर
C. क्रायोस्फियर
D. फ्रॉस्टोस्फियर

48. दक्षिण फ्रांस के रिमॉउलिन्स कम्मयून में ग... नदी के ऊपर बनाए गए, 50 किलोमीटर लंबे प्राचीन रोमन कृत्रिम जलसेतु (रोमन वासियों द्वारा प्रयुक्त जल घर) का नाम क्या है?
A. पोन्ट डु न्यूफे
B. पोन्ट डु एक्वा
C. पोन्ट डु रोमा
D. पोन्ट डु गार्ड़

49. वानखेड़े स्टेडियम कहाँ स्थित है ?
A. मुंबई B. चेन्नई
C. बंगलूरु D. कोलकाता

50. निम्नलिखित शब्द प्रयुक्त करने वाले खेल की पहचान करें :
"पिचर, स्ट्राइक, डायमंड, बंटिंग, होम, पुट आउट"
A. सॉकर B. बेसबॉल
C. बिलियर्ड्स D. रग्बी

51. अप्रैल 2018 में, आईआईटी– प्रशिक्षित भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक ______ ने विश्व की सर्वप्रथम माइक्रोफैक्टरी की शुरुआत की है जो इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के घटकों को मूल्यवान पुनः प्रयोग युक्त वस्तुओं में परिवर्तित कर सकता है।
A. वीणा कन्नन
B. वीणा अशोक
C. वीणा सहजवाला
D. वीणा पिल्लई

52. अप्रैल 2018 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के अनुसंधानकर्ताओं ने _______ रोग की चिकित्सा हेतु दो छोटी पोटेन्ट अणुकणिकाओं पेप – I एवं पेप – II की पहचान की है।

A. टाइफॉयड
B. चिकेनपॉक्स
C. मलेरिया
D. चिकनगुनिया

53. नासा द्वारा 31 जुलाई, 2018 के मानवता का प्रथम मिशन, पार्कर सोलार प्रोब (पीएसपी) की _______ तक की शुरुआत की जाएगी।

A. सूर्य
B. जुपीटर
C. सैटर्न
D. मार्स

54. अप्रैल 2018 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना–राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (एबी-एनएचपीएम) की सर्वप्रथम स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती केंद्र की शुरुआत की है।

A. रायपुर, छत्तीसगढ़
B. बीजापुर, छत्तीसगढ़
C. रतनपुर, छत्तीसगढ़
D. चंपा, छत्तीसगढ़

55. अप्रैल 2018 में, अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक फंड (आईएमएफ) ने अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक दृष्टिकोण (डबल्यूईओ) में यह दर्शाया है कि भारत में 2018 में _______ वृद्धि होगी।

A. 8.5%
B. 7.0%
C. 7.4%
D. 8.2%

56. हाल ही में प्रकाशित वैश्विक अध्ययन के अनुसार, जलवायु में परिवर्तन के कारण मौसम में अधिकतम भिन्नता के कारण भारत उन देशों में से एक है जिनमें _______ असुरक्षा का अत्यधिक जोखिम विद्यमान है।

A. सूखा
B. हवा
C. पानी
D. भोजन

57. प्रति वर्ष _______ को, घर की चिड़िया एवं अन्य सामान्य पक्षियों की शहरी वातावरण में उनकी मौजूदगी तथा उनकी जनसंख्या से संबंधित खतरों की जानकारी प्रदान करने के लिए, विश्व चिड़िया दिवस (डबल्यू.एस.डी.) मनाया जाता है।

A. 20 मार्च
B. 25 मार्च
C. 24 मार्च
D. 27 मार्च

58. 2562 वीं बौद्ध जयंती के अवसर पर 29 एवं 30 अप्रैल 2018 को _______ में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

A. काठमांडू, नेपाल
B. लुंबिनी, नेपाल
C. भरतपुर, नेपाल
D. जनकपुर, नेपाल

59. नवम्बर 2017 में, 23 वर्ष से कम उम्र की श्रेणी वाली विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में (अंडर 23 वर्ल्ड रेसलिंग इवेंट), जो पोलैंड में आयोजित हुई थी, किसने 48 kg के प्रवर्ग में रजत पदक (सिल्वर मैडल) जीता था ?

A. विनेश फोगट
B. बबिता कुमारी
C. रितु फोगट
D. गीता फोगट

60. पुरुष एकल वर्ग में, किसने 2017 टेनि[s] यूएस ओपन टाइटल का खिताब जीता थ[ा]

A. नोवैक जोकोविक
B. रोजर फेडरर
C. मारिन सिलिक
D. रफैल नाडल

61. प्राचीन राजस्थान की मूर्तिकला की प्रतीक 'नाद की शिव प्रतिमा' किस जिले से प्राप्त हुई है?
A. अजमेर B. चित्तौड़
C. उदयपुर D. कोटा

62. प्राचीन राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र बौध्द धर्म का प्रमुख क्षेत्र रहा है?
A. बैराठ (विराटनगर)
B. जैतारण
C. सागवाड़ा
D. बालोतरा

63. 'सुपासनाह चरित्रम' क्या है?
A. चित्रित ग्रन्थ B. शिलालेख
C. हथियार D. रथ

64. 'कटिबन्धु' के नाम से निम्नलिखित में से कौन सा राजा प्रसिद्ध था?
A. धारावर्ष B. विग्रहराज चतुर्थ
C. कुम्भा D. सांगा

65. 'हम्मीरमदमर्दन' नामक साहित्यिक कृति के लेखक कौन हैं?
A. रूपक B. जयसिंह
C. गुणभाष D. रत्नाकर

66. निम्नलिखित में से कौन सा कालानुक्रम की दृष्टि से सही है?
A. जैत्रसिंह – समरसिंह – तेजसिंह
B. समरसिंह – तेजसिंह – जैत्रसिंह
C. जैत्रसिंह – तेजसिंह – समरसिंह
D. तेजसिंह – समरसिंह – जैत्रसिंह

67. मेवाड़ के किस शासक के समय जावर मे चाँदी की खान से खनन प्रारम्भ हुआ?
A. क्षेत्रसिंह
B. रतनसिंह
C. लक्षसिंह (लाखा)
D. कुम्भा (कुम्भकर्ण)

68. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ कुम्भा द्वारा रचित नहीं है?
A. संगीतराज B. संगीतमीमांसा
C. संगीतस्वप्न D. सूडप्रबन्ध

69. निम्नलिखित में से किस शासक का सम्बन्ध वागड़ से नहीं था?
A. गोपीनाथ B. सोमदास
C. गंगादास D. कान्हड़देव

70. खानवा का प्रसिद्ध युद्ध किस वर्ष लड़ा गया?
A. 1527 B. 1515
C. 1512 D. 1522

71. महाराणा प्रताप का जन्म किस वर्ष हुआ?
A. 1540 B. 1535
C. 1530 D. 1525

72. माधोसिंह व गोविन्द सिंह का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस किसान आन्दोलन से था?
A. बिजौलिया किसान आन्दोलन
B. मेवाड़ भील आन्दोलन
C. बेगू किसान आन्दोलन
D. अलवर किसान आन्दोलन

73. मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना किस वर्ष की गई?
A. 1932 B. 1938
C. 1942 D. 1930

74. चुन्नीलाल व अमृतलाल पायक का सम्बन्ध किस प्रजामण्डल आन्दोलन से मुख्यतः जुड़ा रहा?
A. बीकानेर प्रजामण्डल आन्दोलन
B. प्रतापगढ़ प्रजामण्डल आन्दोलन
C. शाहपुरा प्रजामण्डल आन्दोलन
D. सिरोही प्रजामण्डल आन्दोलन

75. मत्स्य संघ का उद्घाटन कब हुआ?
A. 18 मार्च 1948
B. 30 जनवरी 1948
C. 20 फरवरी 1948
D. 18 मई 1948

76. 'लाठी सीरीज' क्या है?
A. भूमिगत जल पट्टी
B. वन संरक्षण कार्यक्रम
C. सेवण घास पट्टी
D. उपयुक्त सभी

77. अरावली पर्वत के सम्बन्ध में गलत तथ्य की पहचान करें–
A. यह विश्व के प्राचीनतम पर्वतों में से एक है
B. इसकी कुल लंबाई 820 किलोमीटर है
C. इसका अधिकांश विस्तार राजस्थान राज्य में है
D. इसकी सबसे ऊँची चोटी गुरुशिखर है

78. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता थार के मरुस्थल से संबंधित नहीं है–
A. यहाँ शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क जलवायु है
B. यहाँ रेतीली मिट्टी पाई जाती है
C. यहाँ सदाबहार वन पाए जाते हैं
D. यहाँ बालू के स्तूप पाए जाते हैं

79. राजस्थान का कौन सा भौगोलिक अंचल मालवा के पठार का विस्तार है?
A. हाड़ौती का पठार
B. चंबल का मैदान
C. लूनी का मैदान
D. भोराट का पठार

80. सन् 1730 में राजस्थान के जोधपुर जिले में 'खेजड़ली आन्दोलन' किसके लिए हुआ था?
A. जल संरक्षण के लिए
B. वन संरक्षण के लिए
C. नदी संरक्षण के लिए
D. मृदा संरक्षण के लिए



81. शीत ऋतु में पश्चिमी राजस्थान में अधिक ठंड पड़ने का प्रमुख कारण क्या है?
A. रेतीला धरातल होना
B. वन क्षेत्र का अधिक होना
C. बर्फबारी होना
D. अधिक वर्षा होना

82. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य वन्य जीव एवं जैव–विविधता संरक्षण में बाधक है–
A. वनोन्मूलन करना
B. वनरोपण करना
C. अभयारण्यों की स्थापना करना
D. राष्ट्रीय उद्यानों की स्थापना करना

83. राजस्थान के राज्यपक्षी का दर्जा किसे दिया गया है?
A. मोर
B. साइबेरियन सारस
C. गोडावन
D. कुरजां

84. राजस्थान में डेयरी विकास हेतु 'राजस्थान सहकारी डेयरी संघ' (RCDF) की स्थापना कब की गई?
A. 2002 B. 1988
C. 1952 D. 1977

85. राजस्थान के निम्नलिखित कृषि तथ्यों पर विचार कर गलत तथ्य की पहचान करें –
A. कपास का सर्वाधिक उत्पादन गंगानगर एवं हनुमानगढ़ में होता है
B. बाजरे के उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है
C. परम्परागत रूप से राज्य में गेहूँ खरीफ की फसल है
D. राज्य की कृषि मानसून पर निर्भर करती है



2018-7-15 19:08

86. नागौर जिले में स्थित 'गोटन' स्थान किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?
A. शक्कर उद्योग B. सीमेंट उद्योग
C. कांच उद्योग D. धातु उद्योग

87. निम्नलिखित में से पश्चिमी राजस्थान में सिंचाई हेतु किस नहर परियोजना का विकास किया गया है?
A. इंदिरा गांधी नहर परियोजना
B. चंबल नहर परियोजना
C. सोम कमला आंबा नहर परियोजना
D. गुड़गाँव नहर परियोजना

88. राजस्थान में सर्वाधिक महिला साक्षरता किस जिले में पाई जाती है?
A. जयपुर B. दौसा
C. कोटा D. भरतपुर

89. राजस्थान का कौन सा भौगोलिक अंचल सबसे अधिक ऊँचा है?
A. अरावली पर्वत
B. थार का मरूस्थल
C. हाड़ौती का पठार
D. पूर्वी मैदानी अंचल

90. 'राजस्थान पर्यटन विकास निगम' (RTDC) का मुख्यालय कहाँ स्थिति है?
A. उदयपुर B. जयपुर
C. जोधपुर D. अजमेर

91. स्थिर कीमतों (2011-12) पर वर्ष 2017-18 में राजस्थान का शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (State GDP) कितना है?
A. 5,73,628 करोड़
B. 4,94,236 करोड़
C. 5,51,570 करोड़
D. 4,34,292 करोड़

92. दिसंबर 2017 में राजस्थान के किस शहर में द्वितीय डिजिफेस्ट (DigiFest) आयोजित किया गया था?
A. कोटा B. अजमेर
C. जयपुर D. उदयपुर

93. सूरतगढ़ तापीय विद्युत केंद्र (थर्मल पावर स्टेशन) की कितनी इकाइयाँ प्रचालन में हैं?
A. दो B. चार
C. छह D. दस

94. राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना किस वर्ष में परिचालित हुई थी?
A. 1965 B. 1973
C. 1960 D. 1962

95. राजस्थान में 'डॉ. सविता अम्बेडकर अंतर्जातीय विवाह योजना' किस वर्ष शुरू हुई थी?
A. 2003 B. 2006
C. 2008 D. 2009

96. अनुप्रति योजना–4 निम्नलिखित में से किस से संबंधित है?
A. अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए प्रोत्साहन योजना, जब वे सरकारी चिकित्सा (मेडिकल) और अभियाँत्रिक (इंजीनियरिंग) महाविद्यालयों ( कॉलेजों) में प्रवेश लेते हैं
B. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के संबंध में अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए प्रोत्साहन योजना
C. राजस्थान लोक सेवा परीक्षा द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाओं की परीक्षा के संबंध में अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए प्रोत्साहन योजना
D. माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के संबंध में अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए प्रोत्साहन योजना

97.
98
9

2018-7-15 19:08

97. 9 वीं से 12 वी कक्षा की छात्राओं को 'आपकी बेटी योजना' के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता कितनी है?
A. प्रति छात्रा 1500 रुपये प्रति वर्ष
B. प्रति छात्रा 900 रुपये प्रति वर्ष
C. प्रति छात्रा 1300 रुपये प्रति वर्ष
D. प्रति छात्रा 1000 रुपये प्रति वर्ष

98. निम्नलिखित में से वह कौन सी एजेंसी है, जिसके साथ राजस्थान राज्य सहकारी बैंक द्वारा 'सहकार जीवन बीमा सुरक्षा योजना' के अंतर्गत बीमे के लिए समझौता किया गया है?
A. एल.आई.सी. इंडिया
B. एस.बी.आई.लाइफ इंश्योरेंस
C. आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड
D. एच.डी.एफ.सी. बीमा

99. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत राज्यपाल राजस्थान के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है?
A. अनुच्छेद 165 B. अनुच्छेद 170
C. अनुच्छेद 160 D. अनुच्छेद 158

100. राजस्थान की पहली विधान सभा में कितने सदस्य निर्वाचित हुए थे?
A. 150 B. 140
C. 160 D. 170

101. राजस्थान उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश कौन थे?
A. के.के. वर्मा B. सरजू प्रसाद
C. जे.एस. राणावत D. डी.एस. दवे

102. राजस्थान लोक सेवा आयोग के पहले अध्यक्ष कौन थे?
A. एस.के. घोष B. एस.सी. त्रिपाठी
C. आर.एस. कपूर D. एम.एम. वर्मा

103. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के किस अनुच्छेद के अंतर्गत, राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग को वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त है?
A. अनुच्छेद 20 B. अनुच्छेद 15
C. अनुच्छेद 22 D. अनुच्छेद 33

104. राजस्थान के पहले लोकायुक्त कौन थे?
A. वी.एस. दवे B. डी.पी. गुप्ता
C. एम.एल. जोशी D. आई.डी. दुआ

105. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत राजस्थान राज्य चुनाव आयोग की स्थापना हुई?
A. अनुच्छेद 243 Z
B. अनुच्छेद 243 K
C. अनुच्छेद 243 A
D. अनुच्छेद 243 C

106. ईगल की पहाड़ी पर निम्नलिखित में से कौन सा किला स्थित है?
A. जयगढ़ B. चित्तौड़गढ़
C. सोंगरगढ़ D. मंडलगढ़

107. निम्नलिखित सूची – 1 (किलों) का सूची– 2 (मंदिरों/किलों के अंदर स्थित दरगाहों) के साथ मिलान करें और नीचे दिये गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें।

| सूची – 1 | सूची – 2 |
|---|---|
| P. अंबर किला, जयपुर | i. दरगाह मिरान साहिब |
| Q. तारागढ़, अजमेर | ii. दरगाह मीठे साहिब |
| R. गागरोन, झालावाड़ | iii. शिलादेवी मंदिर |
| S. मेहरानगढ़, जोधपुर | iv. चामुण्डा माता मंदिर |

A. P iii Q i R ii S iv
B. P iii Q ii R i S iv
C. P iv Q i R ii S iii
D. P i Q ii R iv S iii

108. मंदिरों और स्थानों के निम्नलिखित जोड़ों में से किस जोड़े का सही मिलान नहीं हुआ है?
A. ओसियाँ मंदिर – जोधपुर
B. सालासर मंदिर – चुरु
C. रणकपुर मंदिर – पाली
D. जगदीश मंदिर – भीलवाड़ा

109. मातृ कुंडिया मंदिर किस जिले में स्थित है?
A. उदयपुर B. राजसमंद
C. भीलवाड़ा D. चित्तौड़गढ़

110. निम्नलिखित में से कौन सी प्रथा विवाह समारोह से संबंधित नहीं है?
A. बढार B. कन्यावाल
C. बड़ी पड़ला D. पानीवाड़ा

111. निम्नलिखित में से कौन सा आभूषण गर्दन में पहना जाता है परंतु नेकलेस से बड़ा और भारी होता है?
A. थड्डा B. टूस्सी
C. टांका D. सुरलिया

112. श्री लाल जोशी, जिन्हें 2006 में पदमश्री पुरस्कार (अवार्ड) मिला था, को किस के लिए जाना जाता है?
A. नीलवर्णी भांडकर्म
B. टेराकोटा कार्य
C. फड चित्रकारी
D. उस्ता कला

113. जोधपुर का प्रसिद्ध 'बाडला' निम्नलिखित में से क्या है?
A. लकड़ी का मंदिर
B. जस्ते से बनी पानी की बोतल
C. जरी की साड़ी
D. टेराकोटा की मूर्तियाँ

114. किस समाज सुधारक ने अपने शिष्यों से उन्तीस नियमों का पालन करने हेतु जोर दिया?
A. पीपा जी B. जम्भो जी
C. दादूदयाल जी D. जसनाथ जी

115. निम्नलिखित सूची – 1 (नृत्यों के प्रकार) का सूची– 2 (संबंधित स्थानों) के साथ मिलान करें और नीचे दिये गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें।

| सूची – 1 | सूची – 2 |
|---|---|
| P. ढोल नृत्य | i. अलवर–भरतपुर |
| Q. बम नृत्य | ii. जालौर |
| R. राय नृत्य | iii. डूंगरपुर – बाँसवाड़ा |

A. P i Q ii R iii B. P ii Q i R iii
C. P iii Q ii R i D. P iii Q i R ii

116. मृत्यु उत्सव के लिए राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा एक नाम है?
A. दापा B. मोसर
C. हेल्मो D. बढार

117. निम्नलिखित सूची – 1 (साहित्यिक कार्य) का सूची– 2 (लेखकों) के साथ मिलान करें और नीचे दिये गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें।

| सूची – 1 | सूची – 2 |
|---|---|
| P. राम रणजाट | i. मणि मधुकर |
| Q. लीलतांस | ii. सूर्य मल्ल मिश्रण |
| R. पग फेरो | iii. कन्हैया लाल सेठिया |

A. P i Q iii R ii B. P ii Q i R iii
C. P iii Q ii R i D. P ii Q iii R i

118. निम्नलिखित लेखकों में किस की कहानी पर आधारित फिल्म 'पहेली' का निर्माण अमोल पालेकर द्वारा किया गया था?
A. कन्हैया लाल सेठिया
B. विजयदान देथा
C. लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत
D. मनोहर प्रभाकर

119. राजस्थान के गाँव 'कच्छबाली' और 'मण्डावर' किस के लिए प्रसिद्ध हैं?

A. शराब बंदी के लिए

B. स्मार्ट गाँव के लिए

C. सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए

D. जल संरक्षण के लिए

120. निम्नलिखित सूची – 1 (व्यक्तियों) का सूची–2 (उपलब्धियों) के साथ मिलान करें और नीचे दिये गए कोड में से सही उत्तर का चयन करें।

| सूची – 1 | सूची – 2 |
|---|---|
| P. छवि राजावत | i. पैरा-शूटिंग पदक विजेता |
| Q. अवनि लेखरा | ii. MBA डिग्री धारक सरपंच |
| R. अभिषेक मटोरिया | iii. राजस्थान विधानसभा 2018 में श्रेष्ठ विधायक |

A. P iii Q ii R i

B. P i Q ii R iii

C. P ii Q i R iii

D. P i Q iii R ii